# भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड, भोपाल

# BHARAT HEAVY ELECTRICALS LIMITED, BHOPAL

## (भारत सरकार का उपक्रम)

**विज्ञापन संख्या 02/2024, दिनांक 16.11.2024**

भारत सरकार के प्रमुख महारत्न उपक्रम बीएचईएल की भोपाल इकाई द्वारा इंजीनियरिंग संकायो में स्नातक (बी.ई./ बी.टेक.) एवं डिप्लोमा धारक मध्यप्रदेश के मूल/स्थानीय निवासी उम्मीदवारों से शिक्षुता अधिनियम 1961 (संशोधित,1973) के अंतर्गत, सत्र 2024-25 के लिए निम्नलिखित संकायों में एक वर्षीय स्नातक एवं तकनीशियन शिक्षुता प्रशिक्षण (अप्रेंटिस ट्रेनिंग) के लिए आवेदन आमंत्रित किये जाते है :

| क्र. | संकाय | स्नातक शिक्षुता | तकनीशियन शिक्षुता | आवश्यक अर्हता/योग्यता |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सिविल इंजीनियरिंग | 02 | 02 | 1. स्नातक शिक्षुता के लिए अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/ संस्थान से संबंधित संकाय (बी.ई./बी.टेक.) में सामान्य, ईडब्ल्यूएस(EWS) एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों के लिए न्यूनतम 70% अंक तथा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति वर्ग के उम्मीदवारों के लिए न्यूनतम 60% अंक अर्जित करना अनिवार्य है।<br>2. तकनीशियन (डिप्लोमा) शिक्षुता के लिए, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से संबंधित संकाय में इंजीनियरिंग में डिप्लोमा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है<br>**नोट**: दूरस्थ शिक्षा/ पत्राचार पद्धति के तहत अर्जित बी.ई./बी.टेक./डिप्लोमा डिग्री, शिक्षुता प्रशिक्षण (अप्रेंटिस ट्रेनिंग) के लिए मान्य नहीं होगी। |
| 2 | कम्प्यूटर साइंस इंजीनियरिंग | 03 | - | |
| 3 | इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग | 10 | 08 | |
| 4 | इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्युनिकेशन | 05 | 02 | |
| 5 | मेकेनिकल इंजीनियरिंग | 10 | 09 | |
| | **कुल सीट** | **30** | **21** | |

**<u>नोट :</u>**

(1) बीएचईएल भोपाल के कर्मचारियों(मृतक/सेवानिवृत्त/कार्यरत) के पुत्र/पुत्री/पति/पत्नी को न्यूनतम अंकों की छूट होगी।

(2) ऐसे आवेदक जिन्होंने अपनी बीई/ बीटेक / डिप्लोमा की परीक्षा वर्ष 2022 के पूर्व उत्तीर्ण की है वे शिक्षुता प्रशिक्षण के लिए अर्ह नहीं है अत: ऐसे अभ्यर्थी आवेदन न करें।

(3) ऐसे अभ्यर्थी जिन्हें 01 वर्ष या इससे अधिक का कार्य अनुभव हो अथवा जिन्होने शिक्षु अधिनियम 1961 के अंतर्गत किसी संस्थान से 01 वर्षीय शिशिक्षु प्रशिक्षण प्राप्त किया है या प्रशिक्षणरत हैं, वे अभ्यर्थी इस प्रशिक्षण के लिए पात्र नहीं हैं अतः ऐसे अभ्यर्थियों को आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है।

## **आरक्षण एवं आयु में छूट:**

चयन प्रक्रिया में निम्नानुसार आरक्षण दिया जाएगा :

| **शिक्षुता का प्रकार** | | **समुदाय / जाति वर्ग** | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| स्नातक (भारत सरकार के ग्रुप - A) पद के आरक्षण के तहत (%) | **अ.जा.** | **अ.ज.जा.** | **अन्य पिछडा** | **ईडब्ल्यूएस(EWS)** | **अनारक्षित** | **कुल** |
| | 15% | 7.50% | 27% | 10% | | |
| **संख्या** | 04 | 02 | 08 | 03 | 13 | 30 |
| तकनीशियन(प्रदेश सरकार के ग्रुप-C) (मध्यप्रदेश) पद के आरक्षण के तहत(%) | 15% | 20% | 15% | 10% | | |
| **संख्या** | 03 | 04 | 03 | 02 | 09 | 21 |

## **आयु में छूट**

| **अनारक्षित** | **अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रीमीलेयर)** | **अनुसूचित जाति** | **अनुसूचित जनजाति** | **ईडब्ल्यूएस(EWS) आर्थिक कमजोर वर्ग** | **शारीरिक विकलांग** |
|---|---|---|---|---|---|
| - | 3 वर्ष | 5 वर्ष | 5 वर्ष | - | 10 वर्ष |

- ❖ रिक्तियों की यह संख्या अनंतिम (indicative) है तथा समीक्षा के दौरान यह संख्या परिवर्तित हो सकती है। इसके परिणाम स्वरूप विभिन्न वर्गों / श्रेणियों हेतु आरक्षित पदों की संख्या भी पुनरीक्षित हो सकती है।
- ❖ सभी वर्गों / श्रेणियों में उम्मीदवारों की न्यूनतम आयु 14 वर्ष होनी चाहिए।
- ❖ उच्चतम आयु सीमा की गणना हेतु कट आफ दिनांक 01/11/2024 रहेगी ।
- ❖ सामान्य/ईडब्ल्यूएस वर्ग के उम्मीदवारों के लिए अधिकतम आयु सीमा 27 वर्ष रहेगी।
- ❖ बीएचईएल भोपाल के कर्मचारियों (मृतक/सेवानिवृत्त/कार्यरत) के पुत्र/पुत्री/पति/पत्नी को उच्चतम आयु सीमा में 3 वर्ष की अतिरिक्त छूट दी जाएगी।
- ❖ शारीरिक विकलांग आवेदकों को, जिनकी न्यूनतम विकलांगता 40% हो, क्षैतिज आधार पर 4% आरक्षण दिया जाएगा। छूट प्राप्त करने हेतु आवेदकों द्वारा प्राधिकृत अधिकारी अथवा जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी विकलांगता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक है।
- ❖ आर्थिक कमजोर वर्ग के आवेदकों हेतु, जो शासन द्वारा जारी आर्थिक कमजोर वर्ग की सभी शर्तें पूरी करते हों, 10% आरक्षण का प्रावधान है। छूट प्राप्त करने हेतु आवेदकों द्वारा सक्षम अधिकारी (राज्य / केंद्र शासित) द्वारा जारी आर्थिक कमजोर वर्ग प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक है।
- ❖ आर्थिक कमजोर वर्ग के उम्मीदवारों द्वारा केवल अधिकृत अधिकारी द्वारा जारी नवीनतम प्रमाणपत्र जो एक वर्ष से पुराना न हो ही मान्य होगा |
- ❖ बी.एच.ई.एल. भोपाल के कर्मचारियों (मृतक / सेवानिवृत्त / कार्यरत) के आश्रितों (पुत्र/ पुत्री/ पति/ पत्नी) के लिए अधिकतम 20% रिक्तियां आरक्षित है।
- ❖ शिक्षुता प्रशिक्षण के लिए चयन, पात्र उम्मीदवारों द्वारा लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर तैयार वरीयता सूची (Merit List) के अनुसार किया जायेगा ।
- ❖ चयन एवं लिखित परीक्षा की तारीख संबंधी सूचना हमारी वेबसाइट https://bpl.bhel.com/bplweb_new/careers/index.html पर उपलब्ध करा दी जायेगी। अन्य किसी प्रकार के सूचना के माध्यम का प्रयोग नहीं किया जायेगा।

## **वृत्तिका (स्टाइपेंड):**

स्नातक प्रशिक्षु के लिए - 9000/- रू. प्रतिमाह

तकनीशियन प्रशिक्षु के लिए - 8000/- रू. प्रतिमाह

## सामान्य निर्देश

- शिक्षुता प्रशिक्षण के लिए आवेदन केवल ऑनलाइन ही स्वीकार किए जाएंगे,फैक्स/ईमेल या अन्य किसी माध्यम से प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे ।
- उम्मीदवार कृपया यह सुनिश्चित कर लें कि वे शिक्षुता प्रशिक्षण के लिए आवश्यक योग्यता रखते हैं तथा उनके द्वारा दी गई सभी जानकारियां सही हैं।
- सभी अभ्यर्थियों के पास वैध ईमेल आईडी (Email ID) एवं मोबाइल नंबर होना आवश्यक हैं जिसे अभ्यर्थी को कम से कम 6 माह तक वैध रखना होगा। बीएचईएल द्वारा सभी पत्राचार आपके द्वारा दिए गए ईमेल आईडी एवं मोबाइल नंबर पर ही किया जाएगा।
- अभ्यर्थी बी.एच.ई.एल. भोपाल के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र (APPLY ONLINE) भरते समय बी.ई/बी.टेक/डिप्लोमा में प्राप्त final CGPA अथवा सभी सेमेस्टर में अर्जित अंकों को जोड़कर प्राप्तांक कॉलम में भरें ।
- अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/ईडब्ल्यूएस(EWS) तथा शारीरिक विकलांग उम्मीदवार कृपया अपनी श्रेणी ध्यानपूर्वक भरें,क्योंकि बाद में उनके द्वारा भरी गई कोई भी जानकारी किसी भी परिस्थिति में बदली नहीं जाएगी।
- चयन प्रक्रिया के दौरान अथवा चयनोपरांत निर्धारित अर्हताओ को पूर्ण नहीं किये जाने पर तथा निर्धारित दस्तावेज प्राप्त न होने पर या संबंधित दस्तावेज गलत पाये जाने पर अथवा किसी भी प्रकार की घोषणा गलत पाये जाने पर आवेदक की उम्मीदवारी/ प्रशिक्षण किसी भी समय बिना किसी कारण बताए निरस्त की जा सकती है।
- रिक्तियों की यह संख्या केवल अतंरिम है तथा समीक्षा के दौरान यह संख्या परिवर्तित हो सकती है। तदनुसार विभिन्न वर्गो/ श्रेणियों हेतु आरक्षित पदों की संख्या भी पुनरीक्षित की जा सकती है।
- प्रशिक्षण, बी.ओ.ए.टी. (BOAT) मुंबई में कांट्रैक्ट पंजीयन होने पर आधारित है, यदि किसी कारण कांट्रैक्ट पंजीयन नहीं हो पाता है तो आपको प्रशिक्षण से मुक्त कर दिया जाएगा ।
- बी.एच.ई.एल. भोपाल के प्रबंधन के पास बिना कोई कारण दिए चयन प्रक्रिया में संशोधन/ पुनर्निधारण/ निरस्त/ निलबंन करने का अधिकार सुरक्षित है। इस संबंध में किसी भी अपील पर विचार नहीं किया जाएगा।
- विज्ञापन अथवा भेजे गए आवेदन पर किसी भी प्रकार की विधिक कार्यवाही के निपटारे हेतु भोपाल स्थित न्यायालय/अधिकरण/फोरम को ही इसका एकमात्र अधिकार होगा।
- आवेदक, चयन हेतु बी.एच.ई.एल द्वारा बनाए गए एवं भविष्य में बनाए जाने वाले सभी नियमों एवं विनियमों का पालन करने के लिए बाध्य होगें।
- चयनित अभ्यर्थी को प्रशिक्षण प्रारम्भ होने से पूर्व, शिशिक्षु अधिनियम, 1961 एवं सम्बंधित नियम के तहत निर्धारित प्रारुप में, सक्षम चिकित्साधिकारी के द्वारा जारी चिकित्सा प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। अभ्यर्थियों का प्रशिक्षण निर्धारित स्वास्थ्य मानकों पर खरा उतरने पर निर्भर करेगा ।
- चयनित नहीं होने वाले अभ्यर्थियों से किसी भी तरह का पत्राचार स्वीकार नही किया जाएगा |
- **प्रशिक्षण के उपरांत बी.एच.ई.एल. भोपाल किसी भी अभ्यर्थी को रोजगार देने के लिए बाध्य नहीं होगा और न ही इस संबंध में कोई विचार किया जाएगा।**

## चयन की चरणबद्ध प्रक्रिया:-

**अ. प्रथम चरण :-**

सर्वप्रथम भारत सरकार की वेबसाइट "www.mhrdnats.gov.in" रजिस्ट्रेशन करें तथा अपनी प्रोफाईल पूर्ण करें । उक्त रजिस्ट्रेशन के उपरांत अभ्यर्थियों को रजिस्ट्रेशन नम्बर प्राप्त होगा। रजिस्ट्रेशन के समय आधार कार्ड, डिप्लोमा/ डिग्री के अंतिम वर्ष की अंकतालिका की मूल प्रति तथा पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ अपलोड करना होगा | अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे उक्त रजिस्ट्रेशन की छायाप्रति आगामी कार्यवाही के लिए सुरक्षित रखें।

**ब. द्वितीय चरण :-**

भेल की वेबसाइट पर आवेदन पत्र भरना :-

तदोपरान्त, उक्त रजिस्ट्रेशन नम्बर का उपयोग करते हुए आवेदक बीएचईएल भोपाल की वेबसाइट https://bpl.bhel.com/bplweb_new/careers/index.html पर **"स्नातक/ डिप्लोमा अप्रेंटिस 2024-25 के लिए**

**आवेदन"** के अंतर्गत उपलब्ध ऑनलाइन आवेदन पत्र (Apply Online) भरें। ऑनलाइन आवेदन पत्र पूर्णतः भरने के पश्चात पावती पत्र की प्रिंट (Acknowledgement Slip), अग्रिम प्रक्रिया हेतु सहेज कर रखें।

नोट:- फैक्स / ईमेल / या अन्य किसी माध्यम से प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे ।

स. **तृतीय चरण :-**

<u>लिखित परीक्षा का आयोजन :-</u>

उपयुक्त अभ्यर्थी, जो कि विज्ञापन की सभी अर्हताओं को पूर्ण करते हों, को योग्यता परीक्षा (B.E./B.Tech. / Diploma) में प्राप्त अंकों के आधार पर (सभी प्रकार की रिक्तियों एवं श्रेणियों के 1:10 के अनुपात में) लिखित परीक्षा हेतु बुलाया जाएगा । अभ्यर्थियों का अंतिम चयन लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर तैयार वरीयता सूची के अनुसार किया जायेगा । लिखित परीक्षा में प्राप्त समान अंकों की स्थिति में, जिस अभ्यर्थी के बी.ई./बी.टेक/डिप्लोमा में अधिक अंक हैं को वरीयता दी जाएगी । यदि उसमें भी समानता पाई जाती है, तो ऐसी स्थिति में अधिक आयु वाले अभ्यर्थी को वरीयता दी जाएगी ।

**नोट: लिखित परीक्षा के लिए चयनित सभी अभ्यर्थी पावती पर्ची** (Acknowledgement Slip) **के साथ निम्नलिखित आवश्यक दस्तावेजों की एक प्रति स्वयं द्वारा सत्यापित करें तथा संलग्न कर लिखित परीक्षा के समय लायें एवं परीक्षा केंद्र पर अनिवार्यतः जमा करें अन्यथा लिखित परीक्षा में प्रवेश नहीं दिया जाएगा**:-

1. ऑनलाइन आवेदन पत्र पूर्णतः भरने के पश्चात पावती पत्र की प्रिंट (Acknowledgement Slip)
2. www.mhrdnats.gov.in पर रजिस्ट्रेशन के पश्चात प्राप्त पंजीयन क्रमांक |
3. हाई स्कूल उत्तीर्ण प्रमाण पत्र (जिसमें जन्म तिथि अंकित हो) अथवा जन्म प्रमाण पत्र।
4. 12 वीं/डिप्लोमा का प्रमाण पत्र i.e. प्रमाण पत्र / अंकसूची।
5. डिप्लोमा /डिग्री (इंजीनियरिंग) के सभी वर्षो/ सेमिस्टरों कि मार्कशीटों एवं डिग्री की छायाप्रति।
6. मध्य प्रदेश का मूल/स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र।
7. आधार कार्ड की प्रति।
8. अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति प्रमाणपत्र । यदि लागू हो (If applicable)
9. ईडब्ल्यूएस(EWS) प्रमाणपत्र जो कि एक वर्ष से पुराना न हो। यदि लागू हो (If applicable)
10. अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर)जाति प्रमाणपत्र । यदि लागू हो (If applicable)
11. शारीरिक विकलांग उम्मीदवारों के लिए चिकित्सा बोर्ड द्वारा जारी प्रमाणपत्र। यदि लागू हो (If applicable)
12. आवेदक यदि बी.एच.ई.एल भोपाल के वर्तमान/सेवानिवृत्त/मृतक कर्मचारियों के पुत्र/ पुत्री/ पति/ पत्नी हो तो उन्हें निम्न में से किसी एक दस्तावेज की प्रति संलग्न करना होगा:-

- कर्मचारी माता/पिता/पति/पत्नी के मेडिकल टोकन की प्रति जिसमें आवेदक का नाम व फोटो अंकित हो।
- यदि कर्मचारी माता/पिता/पति/पत्नी मृतक है, तो कार्यालय भाग-2 आदेश की प्रति एवं साथ में कोई ऐसा दस्तावेज जिससे मृतक कर्मचारी एवं आवेदक का संबंध अंकित हो।

चयन एवं लिखित परीक्षा संबंधी सूचना हमारी वेबसाइट https://bpl.bhel.com/bplweb_new/careers/index.html पर उपलब्ध करा दी जायेगी। अन्य किसी प्रकार के सूचना के माध्यम का प्रयोग नहीं किया जायेगा।

## <u>महत्वपूर्ण तिथियाँ</u>

| | | |
|---|---|---|
| ऑन लाइन आवेदन भरने की प्रारंभ तिथि: | **16.11.2024** | (सुबह 10:00 बजे से) |
| ऑन लाइन आवेदन भरने की अंतिम तिथि: | **06.12.2024** | (शाम 05:00 बजे तक) |

****************